https://www.jagran.com/

NMRC के मेट्रो कार्ड खरीदने में यात्री नहीं ले रहे रुचि

Publish Date Sun, 02 Jun 2019 01:39 PM (IST)

नोएडा मेट्रो के संचालन के करीब चार महीने बीत जाने के बाद भी मेट्रो के कार्ड की बिक्री में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

नोएडा, प्रेट्र। एक्वा लाइन मेट्रो का संचालन करीब चार महीने से किया जा रहा है लेकिन यात्री मेट्रो कार्ड खरीदने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसकी मुख्य वजह दिल्ली मेट्रो से संपर्क का अभाव और अधिक किराया माना जा रहा है। नोएडा मेट्रो के एक आकंड़े के अनुसार, एक मई से बीस मई के बीच कुल 2041 यात्रियों ने मेट्रो कार्ड खरीदा।

इस साल जब मेट्रो शुरू हुई थी तो महज छह दिन यानी 26 जनवरी से 31 जनवरी के बीच 3363 कार्ड खरीदे गए थे। जबकि फरवरी में 5220, मार्च में 5064 और अप्रैल में 3686 मेट्रो कार्ड जारी किये गए। इन आंकड़ों से जाहिर है कि एक्वा लाइन मेट्रो यात्रियों को कम पसंद आ रही है। नोएडा मेट्रो के डाटा के अनुसार, जब से मेट्रो का परिचालन शुरु हुआ है तब से लेकर अब तक 1.6 करोड़ टॉप-अप खरीदे जा चुके हैं। दरअसल नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन(एनएमआरसी) ने मेट्रो कार्ड जारी करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ समझौता किया था। मेट्रो कार्ड रिचार्ज के लिए बारह रुपये शुल्क या 1.8 फीसद शुल्क लिया जाता है। यात्रियों को नोएडा मेट्रो में किराया काफी महंगा पड़ता है।

एक मेट्रो यात्री ने बताया कि दिल्ली मेट्रो में यात्री के लिए यात्रियों को गैर बैंक कार्ड जारी किया जाता है जिसमें टॉप-अप पर कोई चार्ज नहीं लिया जाता लेकिन नोएडा मेट्रो में 12 रुपये तक शुल्क लिया जाता है। बता दें कि सोमवार से शनिवार तक